मिशन शक्ति

सत्र - 2025 - 2026

मिशन-शक्ति

दिनांक – 20/9/25

# सूचना

उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित "मिशन शक्ति" का पुनः शुभारंभ किया जा रहा, जिसका उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग के स्मार्ट क्लास कक्ष संख्या - 27 में प्रातः 11:00 बजे से किया जायेगा।
उक्त कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

कार्यक्रम अधिकारी

(हस्ताक्षर)

(डा० प्रीति वाजपेयी)

दिनांक - 24/09/25

# सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता कि दिनांक 27/09/25 को शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में चयनित पोस्टरों को (छात्राओं को) पुरस्कृत भी किया जायेगा।

कार्यक्रम दिनांक - 27/09/25

स्थान — कक्ष संख्या - 33

समय — 1:00 बजे

अवलोकनार्थ

प्राचार्य
प्रो. सुषमा देवी

कार्यक्रम अधिकारी

1- प्रो. प्रीति वाजपेयी -

2. डा. साधना सिंह -

3. डा. निशी मिश्रा -

# सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09/10/25 को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत (महिला स्वावलंबन एवं स्किल प्रतिभा) मेंहदी की स्टॉल लगाई जायेंगी। इच्छुक छात्रायें इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकती हैं जो छात्रायें उक्त कार्यक्रम में अपनी स्टॉल लगाना चाहती हैं वे अपना नाम दिनांक 08/10/25 को 05:00 बजे तक कु० [illegible] [redacted], डा० निधि मिश्रा एवं डा० प्रीति बाजपेयी के पास नोट करवा सकती हैं।

कार्यक्रम दिनांक - 09/10/25
" समय - 1:00 बजे
" स्थान - कक्ष संख्या 32

* नोट मेंहदी लगाने हेतु मेंहदी कोन छात्राओं को स्वयं लाने होंगे।

कार्यक्रम अधिकारी

1. [signature]
2.
3. [signature]

प्राचार्य,
[signature]
(प्रो० सुषमा देवी)

मिशन शक्ति फेज- 5

दिनांक - 12/9/25 — 24/12/25

1.

(1) कार्यक्रम — दिनांक - 12/10/25 - 24/10/25
ऐन्टी रैगींग, महिला उत्पीड़न निवारण समिति का सक्रियकरण एंव महिला समस्या निराकरण।

(1.) ऐन्टी रैगींग एंव महिला उत्पीड़न निवारण समिति का गठन (छात्राओं के साथ)
- समस्या निवारण सत्र का आयोजन — प्रो० रश्मि श्रीवास्तव
प्रो० किरन सिंह

(2.) नुक्कड़ नाटक — प्रो० ~~सुषमा यादव~~ प्रीति बाजपेयी
(महिला सुरक्षा पर आधारित) डा० पूनम पाण्डेय

15/10/25

(3) निबन्ध लेखन प्रतियोगिता — डा० स्मिता पाण्डेय
विषय - छात्राओं की वास्तविक समस्यायें एंव उन का निराकरण — डा० मोनिका द्विवेदी

14.10.25

(4) महिलाओं का ~~मानसिक उत्पीड़न~~ ऋतुचक्र स्वास्थ्य एंव साफ़-सफ़ाई पर व्याख्यान (My voice my choice) — डा० मीनू सिंह
डा० ~~[illegible]~~ डा० प्रीति

नोट → उक्त समस्त कार्यक्रम निश्चित अवधि के भीतर करवाकर उसकी रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित, प्राचार्य से प्रति हस्ताक्षरित करवा कर 01:30 बजे तक संयोजक मिशन शक्ति को देना सुनिश्चित करने की कृपा करें।

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य
(प्रो० सुषमा देवी)

## मिशन शक्ति फेज - 5.0

कार्यक्रम दिनांक - 28/10/25 — 31/10/25

(1) 27/10/25 - मिशन शक्ति जागरूकता - डा० प्रीति वाजपेयी
(पेम्पलेट – चस्पा) डा० किरन लता

(2) 29/10/25 - मिशन शक्ति जागरूकता - डा० किरन लता
कार्यक्रम (रैली) डा० साधना सिंह

(3) 30/10/25 - गुडटच / बैडटच - डा० प्रीति वाजपेयी
(संवाद) कार्यक्रम - डा० निशी मिश्रा

(4) 31/10/25 - गुडटच बैडटच - डा० प्रियंका शर्मा
महिला अस्मिता पर - डा० प्रीति वाजपेयी
आधारित संगोष्ठी

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

(प्रो० सुषमा देवी)

मिशन शक्ति फेज - 5.0

कार्यक्रम - 01/11/25 — 03/11/25

(1) मिशन शक्ति - पोस्टर प्रतियोगिता - 01/11/25 डा० किरन लता

(2) सशक्त महिला डॉक्यूमेन्ट्री - 3/11/25 - डा० निशी मिश्रा
(महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता से सम्बन्धित)

(3) हेल्प लाइन न० प्रचार/प्रसार कार्यक्रम - 6/11/25 - डा० साधना सिंह

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

(प्रो० सुषमा देवी)

दिनांक-06/11/25

## सूचना

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मिशन शक्ति एवं पं० दीन दयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 7/11/25 को 11:30 बजे सभागार में आत्मरक्षा तकनीक हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में सभी छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

कार्यक्रम अधिकारी

Preeti

प्राचार्य

(प्रो० सुषमा देवी)

# सूचना

महाविद्यालय ~~की~~ के समस्त प्राध्यापको एवं छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मिशनशक्ति फेज-0.5, राष्ट्रीय सेवा योजना, NCC, रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान मे ~~में~~ दिनांक 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे 'विशेष स्वास्थ्य शिविर' का आयोजन महाविद्यालय के अटल सभागार में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

सादर धन्यवाद

[signature]

कार्यक्रम अधिकारी — प्राचार्य

1. [signature]
2. [signature]
3. [signature]
4. [signature]
5.

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

## मिशन शक्ति प्रगति आख्या [20/9/25 – 30/9/25]

| क्र०सं० | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति | जनपद का नाम | कार्यक्रम/गतिविधियों का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | आशियाना लखनऊ | लखनऊ | मिशन शक्ति 5.0 शुभारम्भ सजीव प्रसारण | 20/9/25 | 78 |
| 02. | " | " | गुड टच / बैड टच जागरूकता कार्यक्रम | 26/9/25 | 189 |
| 03. | " | " | पोस्टर प्रतियोगिता (नव रात्रि के पावन पर्व पर माँ दुर्गा के स्वरूप को दर्शाने वाले) | 27/09/25 | 83 |
| 04. | " | " | "चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" विषय संगोष्ठी | 29/9/25 | 92 |
| | | | | | |

कार्यक्रम अधिकारी

1. प्रो॰ प्रीति वाजपेयी – [signature]
2. डा॰ निधि मिश्रा
3. डा॰ साधना सिंह

प्राचार्य

(प्रोफेसर सुषमा देवी)

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

आज दिनांक 30 :9:25 को महाविद्यालय में मिशन शक्ति 5.0 के तत्वावधान में एवं प्राचार्य महोदया प्रोफेसर सुषमा देवी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में "चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य महोदया ने की । वक्ता के रूप में मिशन शक्ति संयोजक प्रोफेसर प्रीति वाजप्पे ने मिशन शक्ति के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मिशन शक्ति 5.0 अब केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि आंदोलन बन गया है,एक पुकार बन गया है। अब नहीं और नहीं अब समय है चुप्पी तोड़ने का और खुलकर अपनी बात बोलने का सदियों से हमें सिखाया जाता रहा है कि चुप रहना ही स्त्री का आभूषण है,परंतु चुप्पी से अन्याय नहीं रुकता, हिंसा नहीं थामती, जब स्त्री सशक्त हो आवाज उठाती है तभी समाज बदलता है। आज मिशन शक्ति कार्यक्रम महिलाओं को वह अवसर प्रदान कर रहा है जिससे आत्मविश्वास जन्म ले रहा है,जब सरकार स्त्रियों के साथ है तो डर किस बात का ।अपने अधिकारों के लिए डटकर बोलो । हमारी आवाज हमारी ताकत है । इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की विदुषी प्राध्यापक डॉ० निशी मिश्रा ने भी प्रकाश डालते हुए कहा कि,वर्तमान समय में स्त्रियों के लिए शिक्षा के द्वार खुले हैं संवैधानिक रूप से उनकी सुरक्षा समाज के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है उनको अब कमजोर कहकर अत्याचारों को बढ़ाना नहीं है,अब स्त्रियों को सब सहना छोड़ना होगा उन्होंने कहा कि जब समय हमारे साथ है तो फिर डर किस बात का चुप रहना स्त्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा आशंकित करता है परंतु अब सशक्त होने का समय है,सजग रहने का समय है । स्त्रियों को शिक्षा व अधिकारों के लिए डटकर संघर्ष करना होगा ।कभी-कभी टूटना भी शुभ होता है तो आज हम अपनी चुप्पी को तोड़े और खुलकर जीवन जीने की कला को सीखें ।कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो० सुषमा देवी जी ने कहा कि,महिलाओं की शक्ति उनकी आवाज है, उनकी आवाज ही उनकी ताकत है और चुप्पी तोड़ना ही असली विद्रोह है ।घर हो या कार्य स्थल या फिर समाज महिला को खुलकर बोलने का संपूर्ण अधिकार है। इसलिए हम इस मंच से संकल्प लेते हैं कि हम किसी अन्याय पर चुप नहीं रहेंगे, हम हर सही आवाज को शक्ति देंगे और मिशन शक्ति की ज्वाला को हर घर हर दिल में प्रज्वलित करेंगे । कार्यक्रम का सफल संचालन मिशन शक्ति कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर साधना सिंह किया तथा उन्होंने कहा कि,"चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो यही है असली शक्ति यही है वास्तविक मिशन शक्ति" उक्त कार्यक्रम में 92 छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया एवं इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## राजाजीपुरम लखनऊ

### मिशन शक्ति 5.0 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधानमें27/9/2025

आज दिनांक 27/9/25 को मिशन शक्ति 5.0 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान के अंतर्गत प्राचार्य महोदया प्रो० सुषमा देवी के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में महाविद्यालय में शारदीय नवरात्री के पावन अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूप को देर्शाने वाले पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं ने बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया एवं सुन्दर पोस्टर बनाये। निर्णायक मण्डल के रुप में प्रो० प्रियंका शर्मा, डॉ मीशू सिंह, डॉ विशाल वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। **प्रथम स्थान - यशीपाल बीए प्रथम द्वितीय स्थान - आन्या कश्यप बीए तृतीय तृतीय स्थान-वैष्णवी बाजपेई बीए प्रथम, सांत्वना-महिमा यादव बीए प्रथम** पर रहीं।इस अवसर पर मिशन शक्ति सयोजक प्रो० प्रीति बाजपे ने शक्ति की देवी दुर्गा के नौ स्वरूप के विषय में विस्तार से बताया। प्राचार्य महोदया ने मिशन शक्ति के वास्तविक उद्देश्य पर अपने उद्बोधन द्वारा प्रकाश डाला एवं छात्राओं को भी शक्ति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ० निशी मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० साधना सिंह द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में 67 छात्राएं उपस्थित रहीं एउपस्थितवं 16 छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।




कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी
प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत "गुड टच और बैड टच" विषय पर

## जागरूकता चलचित्र का प्रसारण

## मिशन शक्ति फेस-5 तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 26 सितंबर 2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ मेंमिशन शक्ति फेस-**5** के अंतर्गत छात्राओं को *"गुड टच और बैड टच"*के विषय पर मिशन शक्ति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में यूट्यूब के माध्यम से जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को यौन शोषण/शारीरिक उत्पीड़न के प्रति सतर्क करना तथा उन्हें अपने अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ. सुषमा देवी द्वारा की गई, जब कि मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रीति वाज्पे ने उक्त पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने छात्राओं को व्यवहारिक उदाहरणों और सरल भाषा में समझाया कि कैसे वे असहज परिस्थितियों की पहचान कर सकती हैं और उनसे सुरक्षित रह सकती हैं।डॉ. प्रीति वाज्पे ने बताया कि गुड टच तथा बैड टच की जानकारी से हम भविष्य में होने वाली अनहोनी से बच सकते हैं तथा इस जानकारी को स्वयं तक ही सीमित न रखकर अपने विश्वसनीय छोटे भाई बहन तथा अपनी सहेलियों को साझा करना चाहिए प्राचार्य महोदया ने छात्राओं को भविष्य में सचेत और जागरूक रहने की सलाह देते हुए यह बताया कि घर, परिवार, रिश्तेदार आदि सभी लोगों से **'बैड टच'** से आपको स्वयं को बचाना है और किसी भी प्रकार की ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर घबराना नहीं है बल्कि साहस दिखाकर उसके विरोध में आवाज उठानी है तथा सही समय पर उठाई गई आवाज आपको किसी बड़ी अनहोनी का शिकार होने से बचा सकती है

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती साधना सिंह द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निशी मिश्रा ने प्रस्तुत किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में कुल १८९छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में वाणिज्य विभाग के डॉ. विशाल वर्मा की उपस्थिति व सहयोग सराहनीय रहा।



कार्यक्रम अधिकारी

आचार्य

प्रोफेसर सुषमा देवी

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

### राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति समितियों के संयुक्त तत्वावधान

### दिनांक: 20 सितम्बर 2025

### मिशन शक्ति – 5.0 का शुभारम्भ : छात्राओं ने किया लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से अवलोकन

लखनऊ, उत्तर प्रदेश – प्रदेश सरकार की नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित महत्वाकांक्षी पहल "मिशन शक्ति – 5.0" का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आज भव्य रूप से किया गया। इस अवसर का सीधा प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) महाविद्यालय में छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.(डॉ.) सुषमा देवी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस लाइव स्ट्रीमिंग का उद्देश्य छात्राओं को सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना था।

यह आयोजन एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं मिशन शक्ति समितियों के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। मिशन शक्ति समिति की ओर से प्रो.(डॉ.) प्रीति वाजप्पे , डॉ. निशी मिश्रा, एवं श्रीमती साधना सिंह यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं एन.एस.एस. की कार्यक्रम अधिकारी के रूप में डॉ. निशी मिश्रा ने प्रतिनिधित्व एवं समन्वय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई।इस प्रसारण के माध्यम से छात्राओं ने मिशन शक्ति के 2020 में प्रारम्भ से लेकर अब तक की प्रगति एवं इसके अंतर्गत किए गए विभिन्न प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने बड़े उत्साह और गंभीरता के साथ इस लाइव स्ट्रीमिंग को देखा तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों से स्वयं को प्रेरित महसूस किया।इस अवसर पर प्रो.(डॉ.) प्रियंका शर्मा, प्रो.(डॉ.) सुरंगमा यादव, डॉ. नेहा जैन, डॉ. अमितेन्द्र सिंह, डॉं पूनम पांडे, डॉ. विशाल वर्मा, एवं श्रीमती ममता अंबुजाननी सहित सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।यह आयोजन छात्राओं को न केवल नारी सुरक्षा और सम्मान के महत्व से अवगत कराता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर कुल 78 छात्राएँ उपस्थित रहीं।











कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी


प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
...kiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow











कार्यक्रम अधिकारी


प्रोफेसर सुषमा देवी


प्राचार्य

(02)


cknow, Uttar Pradesh, India
946, C-4946, Sapna Colony, Rajajipuram, Lucknow, Uttar Pradesh
017, India
26.848232° Long 80.876593°


Lucknow, Uttar Pradesh, India
C-4946, C-4946, Sapna Colony, Rajajipuram, Luckno
226017, India
Lat 26.848226° Long 80.876594°


ucknow, Uttar Pradesh, India
4946, C-4946, Sapna Colony, Rajajipuram, Lucknow, Uttar Pradesh
6017, India
t 26.848226° Long 80.876603°


राष्ट्रीय सेवा योजना
Lucknow, Uttar Pradesh, India
C-4946, C-4946, Sapna Colony, Rajajipuram, Luckno
226017, India
Lat 26.848227° Long 80.876595°

197



## पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

### मिशन शक्ति प्रगति आख्या

| क्र०सं० | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम/नोडल अधिकारी। मिशन शक्ति | जनपद का नाम | कार्यक्रम/गतिविधिया का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | प्राचार्य महाराजा बिजली पासी राज. महा. आशियाना | लखनऊ | सामाजिक चेतना एंव महिला सशक्तिकरण पर स्लोगन लेखन (राष्ट्रीय पर्व गांधी जयन्ती) | 02/10/25 | प्रतिभाग – 21 छात्रायें कुल उपस्थित – 197 |
| 02. | " | " | महिला सुरक्षा एंव स्वावलम्बन विषय पर व्याख्यान | 03/10/25 | 124 |
| 03. | " | " | सरकारी योजनाओं का बालिकाओ के शैक्षिक विकास में योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन | 06/10/25 | 68 |
| 04. | " | " | नुक्कड़ नाटक (महिला सुरक्षा पर आधारित) | 07/10/25 | 28 |
| | | | | | |

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

(प्रोफेसर सुषमा देवी)
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम

## लखनऊ

### मिशन शक्ति 5.0, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध संस्कृत क्लब के संयुक्त तत्वावधान में

### गांधी जयंती व शास्त्री जयंती पर संविधान के 75 वर्ष पूरे होने का भव्य आयोजन

**02/10/2025**

पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में स्वतंत्रता के अमृतकाल में संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। यह आयोजन केवल स्मरण का नहीं बल्कि भावी पीढ़ियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों से जोड़ने का भी एक सशक्त प्रयास रहा।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी ने गांधी जी और शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। इसी क्रम में उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की और संविधान की मूल भावना—समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व—को आत्मसात करने का आह्वान किया। इसके साथ ही पंडित दीन दयाल जी की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ निशी मिश्रा के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत श्रमदान कर स्वच्छता और सेवा का संदेश दिया।

समारोह का संचालन समारोहिका प्रो. (डॉ.) रीता अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें छात्राओं ने गीता पाठ, गुरुग्रंथ साहिब का पाठ, बाइबिल का पाठ और कुरान का पाठ प्रस्तुत कर सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इसके पश्चात प्राध्यापकों और छात्राओं ने मिलकर भजन "वैष्णव जन तेने कहिए" का सामूहिक गायन कर गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी। छात्राओं ने विभिन्न गीतों एवं भाषण के माध्यम से महत्मा गांधी एवं शास्त्री जी को याद किया। इस अवसर पर डॉ स्मिता पांडे, डॉ प्रज्ञा मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. निशी मिश्रा ने अपने वक्तव्य में गांधी जी के सत्य और अहिंसा के संदेश, शास्त्री जी की सादगी व उनके "जय जवान जय किसान" के उद्घोष तथा डॉ. अंबेडकर की संविधान-निर्माण यात्रा पर प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इन महापुरुषों के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे।

इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, मिशन शक्ति (फेज-**5)** और पंडित दीन दयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के अधिकारों पर स्लोगन के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रो. (डॉ.) प्रीति वाजप्पे एवं डॉ. निशी मिश्रा ने किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्लोगनों ने सामाजिक चेतना और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य **प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी** ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और डॉ. अंबेडकर जैसी विभूतियों का जीवन हमें सादगी, सत्यनिष्ठा, सेवा और न्याय की राह दिखाता है। उन्होंने **"कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन"** भगवद्गीता का एक प्रसिद्ध संस्कृत श्लोक के माध्यम से छात्राओं को राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और संविधान की मूल भावना के संरक्षण हेतु सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन रामधुन के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की 197 छात्राएं उपस्थित रही जिन्होंने उत्साह पूर्वक इस दिवस को मनाया तथा समस्त प्राध्यापकों की गरिमामय उपस्थित रही।








कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी

प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपरमु लखनऊ

आज दिनांक 3.10.2025 को मिशन शक्ति फेस 5 के तत्वाधान में महिला सुरक्षा एवं स्वाभलम्बन विषय पर व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य महोदया प्रोफेसर सुषमा देवी जी के कुशल निर्देशन में एवं मार्गदर्शन में किया गया।इस अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम सयोजक प्रो० प्रीति वाजप्पे ने कहा कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में महिला शक्ति का महत्व अनंत है। महिलाओं को समान अवसर और सुरक्षा प्रदान करना हमारे समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, इसी सोच के साथ सरकार ने मिशन शक्ति की शुरुआत की है मिशन शक्ति का उद्देश्य महिला सुरक्षा महिला सशक्तिकरण और महिला कल्याण है इसके दो प्रमुख उपखंड है समर्थ और संबल। समर्थ जिसके अंतर्गत महिलाओं का समग्र विकास स्वास्थ्य,शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया है वही संबल जो महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करता है जिससे कि महिलाएं भय मुक्त होकर समाज में अपना संपूर्ण योगदान दे सके। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और यदि कहीं अन्याय हो तो उसकी विरुद्ध आवाज उठाने की सामर्थ भी होनी चाहिए। महिलाएं दिनों दिन प्रगति कर रही है और अपना नाम रोशन करने मे सक्षम हो रहीं हैं परंतु मिशन शक्ति की सार्थकता तभी है जब महिलाएं वास्तविक रूप से अपने आप को आत्मविश्वास के साथ दृढ़ संकल्प के साथ और स्वाभिमान के साथ समाज में स्थापित कर सके। इस अवसर पर वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान प्रभारी डॉक्टर स्मिता पांडे ने भारतीय संविधान में उल्लेखित उन प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की जो महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में बहुत से प्रावधान हैं जिसमें महिलाओं को सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने भारतीय संविधान के भाग 3 में वर्णित मूल अधिकारों पर बोलते हुए कहा यह अधिकार संविधान द्वारा प्रत्येक नागरिक चाहे वह स्त्री हो या पुरुषों को प्रदान किए जाते हैं भारतीय संविधान में महिलाओं के अधिकारों से संबंधित अनेक अनुच्छेद हैं। प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में संविधान को महिलाओं के सशक्तिकरण का एक अमुल्य स्रोत बताया।अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति बढ़ते हुए अपराधों की रोकथाम एवं निवारण हेतु सरकार के

द्वारा अनेक विधिक प्रावधान किए गए हैं उन्होंने आईपीसी की धारा के विषय में विस्तार से चर्चा की । वर्तमान में 106वें संविधानिक संशोधन की भी चर्चा की जिससे महिलाओं को राजनीति में अपना परचम लहराने का शुभ अवसर प्राप्त होगा और मिशन शक्ति कार्यक्रम सफल हो सकेगा । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर निशी मिश्रा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर साधना सिंह द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में 124 छात्राओं ने प्रतिभाग़ किया।




कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snatottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## राजाजीपुरम लखनऊ

### मिशन शक्ति 5.0एवं राष्ट्रीय सेवा योजनाके संयुक्त तत्वावधान में

### 06/10/2025

दिनांक **6** अक्टूबर **2025** को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ में महाविद्यालय की प्राचार्यमहोदया प्रोफेसर सुषमा देवी जी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेस **5** तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान मेंशीर्षक **'सरकारी योजनाओं का बालिकाओं के शैक्षिक विकास में योगदान'** विषय परएक संगोष्ठी का आयोजन किया गयाजिसमें छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किया जिसमें रंजू गुप्ता एम ए प्रथम वर्ष ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना, महिला उद्यमी योजना आदि के बारे में बताया इसी के साथ एम ए प्रथम वर्ष समाजशास्त्र की प्रिंसी गुप्ता ने, किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है तथा महिला शिक्षित होकर अपना विकास कर सकती है तथा परिवार को भी आर्थिक संपन्न करने में अपनी भूमिका अदा कर सकती है इसके बारे में बताया| कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर निशीमिश्रा द्वारा किया गया तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर प्रीति वाज्प्ये ने मिशन शक्ति के कार्यक्रम बारे में विस्तार से बताया| प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को सुरक्षित होकर सम्मान तथा स्वावलंबन के बारे में बताया साथ ही साथ छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु जागरूक होने के लिए कहातथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जागरूक रहने के लिए भी कहा इसी के साथ डॉक्टर मीशू सिंह तथा डॉक्टर विशाखा कमल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया कार्यक्रम का समापन प्राचार्य महोदया के आदेशानुसारकिया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती साधना सिंह द्वारा किया गया छात्राओं तथा प्राध्यापकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनायाउक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की **68**छात्राएं उपस्थिति रही तथा संगोष्ठी से ज्ञानवर्धन किया




कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी

प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# राजाजीपुरम लखनऊ

## मिशन शक्ति 5.0एवं राष्ट्रीय सेवा योजनाके संयुक्त तत्वावधान में

## 07/10/2025

दिनांक **7** अक्टूबर **2025** को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ में महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया प्रोफेसर सुषमा देवी जी के दिशानिर्देशन में मिशन शक्ति फेस **5** तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर प्रीति वाज्पेयी, डॉक्टर निशी मिश्रा, श्रीमती साधना सिंह के नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक में बीए तृतीय वर्ष की शालिनी, दृष्टि, अंशिका, प्रिंसी, एवं अन्य छात्राओं ने अभिनय कर समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना था। नुक्कड़ नाटक का शीर्षक था – **"मैं बेटी हूँ!"**, जिसमें छात्राओं ने अभिनय कर विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। नाटक में यह दिखाया गया कि किस प्रकार लड़कियों को जन्म से ही भेदभाव का सामना करना पड़ता है, कैसे समाज में उन्हें असुरक्षा और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से गुजरना पड़ता है, तथा किस प्रकार वे आत्मनिर्भर बनकर इन चुनौतियों का सामना कर सकती हैं। यह नुक्कड़ नाटक केवल एक मंचन नहीं था, बल्कि एक सोच में बदलाव लाने का प्रयास था।

इसने यह स्पष्ट संदेश दिया कि अब समय आ गया है कि हम बेटियों को ना केवल बचाएँ, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के अवसर भी दें। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की **28** छात्राएं प्रतिभागी रही।




कार्यक्रम अधिकारी

प्रो0 (डॉ0) सुषमा देवी
प्राचार्य
Principal
Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## राजाजीपुरम, लखनऊ।

### मिशन शक्ति प्रगति आख्या

| क्र0 सं0 | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम | जनपद का नाम | कार्यक्रम/गतिविधियों का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | प्राचार्य बिजली पासी रा.स्ना.महा. आशियाना लखनऊ | लखनऊ | साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम | 08/10/25 | 76 |
| | | " | मानसिक स्वास्थ्य दिवस (मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला) | 09/10/25 | 93 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम्, लखनऊ

## मिशन शक्ति फेज – 5.0

**मिशन शक्ति 5.0 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान मेंसाइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम**

**08/10/2025**

लखनऊ, 8 अक्टूबर 2025 – पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में मिशन शक्ति चरण-5 के अंतर्गत साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डा.) सुषमा देवी ने की। कार्यक्रम का आयोजन मिशन शक्ति समिति एवं एन.एस.एस. समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर तालकटोरा थाना से आयी हुई टीम में उप निरीक्षक (**SI**) श्री परंतम राय, उप निरीक्षक (**SI**) श्रीमती मिथिलेश सिंह, तथा महिला हेड कॉन्स्टेबल निधि, माला अग्रहरी, सिंधु राय, और अर्चना उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री परंतम राय ने छात्राओं को साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फेक प्रोफाइल, ओटीपी फ्रॉड, साइबर बुलिंग, और सोशल मीडिया पर पहचान की चोरी जैसे अपराधों से बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने '**UPCOP**' मोबाइल ऐप, '**CEIR** पोर्टल', तथा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग की जानकारी दी और छात्राओं को सतर्कता, सावधानी तथा त्वरित रिपोर्टिंग की महत्ता बताई।प्रो. (डा.) प्रीति वाजप्पे ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा का ज्ञान प्रत्येक छात्रा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी निजता की रक्षा करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना संबंधित प्राधिकरण को दें।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डा.) सुषमा देवी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियानों का उद्देश्य न केवल महिलाओं में आत्मरक्षा की भावना जगाना है, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सजग और सशक्त बनाना भी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएं। प्राचार्या महोदया ने कहा कि "ज्ञानहीसबसेबड़ासुरक्षाकवचहै, और साइबर युग में जागरूकता ही सशक्तिकरण का आधार है।"कार्यक्रम का सफल संचालन डा. साधना सिंह यादव तथा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. निशि मिश्रा द्वारा

किया गया । कार्यक्रम में ७६ की संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएँ शांत कीं।

महाविद्यालय परिवार ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और डिजिटल साक्षरता की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।



कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी

प्राचार्य


Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India


Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India

Lucknow, Uttar Pradesh, India

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 का सफल आयोजन

दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह, संवेदनशीलता और जागरूकता के साथ किया गया। यह कार्यक्रम मनोविज्ञान विभाग परिषद, मिशन शक्ति चरण–5 समिति तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, आत्म-जागरूकता तथा भावनात्मक सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. (डा.) सुषमा देवी ने की। उन्होंने अपने प्रेरक उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व और जीवन की गुणवत्ता का मूल है। प्रो. सुषमा देवी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि "मजबूत मन ही सशक्त समाज का निर्माण करता है,"।
कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. नलिनी श्रोतिया (सेवानिवृत्त प्राचार्या एवं IPHM U.K. से प्रमाणित मनोचिकित्सक) रहीं। उन्होंने अपने विस्तृत वक्तव्य में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता, आत्मसम्मान की भावना और आत्म-जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। डा. श्रोतिया ने छात्राओं के साथ कुछ लघु चिकित्सीय सत्र (Short Therapeutic Sessions) भी किए, जिनमें उन्होंने तनाव मुक्ति, माइंडफुलनेस, गहरी श्वास, और आत्म-प्रेरणा जैसे विषयों पर व्यावहारिक अभ्यास करवाए। उनके इन सत्रों से छात्राएँ गहराई से जुड़ीं और मानसिक शांति का अनुभव किया।
कार्यक्रम का मंच संचालन मनोविज्ञान विभाग प्रभारी श्रीमती ममता अम्बुजाननी ने सौम्यता एवं कुशलता के साथ किया। उन्होंने कहा कि मनोविज्ञान केवल एक विषय नहीं बल्कि जीवन की एक कला है, जो हमें स्वयं को समझने और दूसरों के प्रति संवेदनशील बनने की सीख देता है।
इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की कार्यक्रम अधिकारी डा. किरणलता वर्मा एवं डा. निशी मिश्रा ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने छात्राओं को अपने आस-पास के लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की प्रेरणा दी। वहीं रेन्जर्स प्रभारी डा. स्मिता पांडेय ने कहा कि "मानसिक सशक्तिकरण ही महिला सशक्तिकरण की जड़ है," और छात्राओं को आत्म-विश्वास एवं आत्म-अनुशासन का संदेश दिया।

प्राचार्या प्रो. (डा.) सुषमा देवी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में आत्म-देखभाल की भावना जगाते हैं और उन्हें सामाजिक व भावनात्मक रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी मानसिक स्वास्थ्य और महिला कल्याण से संबंधित गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देता रहेगा।
कार्यक्रम के अंत में प्रो. (डा.) प्रीति वाजप्पे ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल एक दिवस का विषय नहीं बल्कि यह प्रत्येक दिन के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वस्थ मानसिक स्थिति व्यक्ति को न केवल आत्म-नियंत्रित बनाती है, बल्कि जीवन में रचनात्मकता, सहानुभूति और नेतृत्व गुणों को भी विकसित करती है। उन्होंने सभी अतिथियों, संयोजकों, वक्ताओं और छात्राओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने छात्राओं के मन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्म-जागरूकता का संचार किया है। उनके प्रभावशाली धन्यवाद ज्ञापन ने पूरे कार्यक्रम को सौहार्दपूर्ण समापन प्रदान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, समितियों के सदस्य एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता, आत्म-प्रेरणा एवं संतुलित जीवन के महत्व को गहराई से स्थापित किया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 का सफल आयोजन

दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह, संवेदनशीलता और जागरूकता के साथ किया गया। यह कार्यक्रम मनोविज्ञान विभाग परिषद, मिशन शक्ति चरण–5 समिति तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, आत्म-जागरूकता तथा भावनात्मक सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. (डा.) सुषमा देवी ने की। उन्होंने अपने प्रेरक उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व और जीवन की गुणवत्ता का मूल है। प्रो. सुषमा देवी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि "मजबूत मन ही सशक्त समाज का निर्माण करता है,"।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. नलिनी श्रोतिया (सेवानिवृत्त प्राचार्या एवं IPHM U.K. से प्रमाणित मनोचिकित्सक) रहीं। उन्होंने अपने विस्तृत वक्तव्य में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता, आत्मसम्मान की भावना और आत्म-जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। डा. श्रोतिया ने छात्राओं के साथ कुछ लघु चिकित्सीय सत्र (Short Therapeutic Sessions) भी किए, जिनमें उन्होंने तनाव मुक्ति, माइंडफुलनेस, गहरी श्वास, और आत्म-प्रेरणा जैसे विषयों पर व्यावहारिक अभ्यास करवाए। उनके इन सत्रों से छात्राएँ गहराई से जुड़ीं और मानसिक शांति का अनुभव किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन मनोविज्ञान विभाग प्रभारी श्रीमती ममता अम्बुजाननी ने सौम्यता एवं कुशलता के साथ किया। उन्होंने कहा कि मनोविज्ञान केवल एक विषय नहीं बल्कि जीवन की एक कला है, जो हमें स्वयं को समझने और दूसरों के प्रति संवेदनशील बनने की सीख देता है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की कार्यक्रम अधिकारी डा. किरणलता वर्मा एवं डा. निशी मिश्रा ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने छात्राओं को अपने आस-पास के लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की प्रेरणा दी। वहीं रेन्जर्स प्रभारी डा. स्मिता पांडेय ने कहा कि "मानसिक सशक्तिकरण ही महिला सशक्तिकरण की जड़ है," और छात्राओं को आत्म-विश्वास एवं आत्म-अनुशासन का संदेश दिया।

प्राचार्या प्रो. (डा.) सुषमा देवी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में आत्म-देखभाल की भावना जगाते हैं और उन्हें सामाजिक व भावनात्मक रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी मानसिक स्वास्थ्य और महिला कल्याण से संबंधित गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देता रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में प्रो. (डा.) प्रीति वाजप्ेयी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल एक दिवस का विषय नहीं बल्कि यह प्रत्येक दिन के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वस्थ मानसिक स्थिति व्यक्ति को न केवल आत्म-नियंत्रित बनाती है, बल्कि जीवन में रचनात्मकता, सहानुभूति और नेतृत्व गुणों को भी विकसित करती है। उन्होंने सभी अतिथियों, संयोजकों, वक्ताओं और छात्राओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने छात्राओं के मन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्म-जागरूकता का संचार किया है। उनके प्रभावशाली धन्यवाद ज्ञापन ने पूरे कार्यक्रम को सौहार्दपूर्ण समापन प्रदान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, समितियों के सदस्य एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता, आत्म-प्रेरणा एवं संतुलित जीवन के महत्व को गहराई से स्थापित किया।


प्राचार्य
प्रो० सुषमा देवी




5.0


शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
5.0
प्राचार्य
प्रो० सुषमा देवी
इकाई

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

### मिशन शक्ति प्रगति आख्या

| क्र०सं० | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति | जनपद का नाम | कार्यक्रम/गतिविधिया का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य महाराजा बिजली पासी राज. स्नातकोत्तर महाविद्यालय | लखनऊ | योग स्वास्थ्य शिविर | 13/10/25 | 220 |
| 02 | " | " | ऋतु चक्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याएँ एवं समाधान विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम | 14/10/25 | 213 |
| 04 | " | " | छात्राओं की समस्यायें एवं उनका निवारण | 15/10/25 | 16 (प्रतिभागी) |
| 05 | " | " | एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति का गठन एवं छात्राओं की समस्याओं पर कार्यशाला (समस्या-निवारण सत्र) | 16/10/25 | 95 |
| | | | | | |

कार्यक्रम अधिकारी

17/10/25

प्राचार्य

(प्रोफेसर सुषमा देवी)

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय

राजाजीपुरम, लखनऊ

दिनांक 14 अक्टूबर 2025

रिपोर्ट

दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में मिशन शक्ति फेज़-5.0 के अंतर्गत "ऋतु चक्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याएँ एवं समाधान" विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम Whisper Choice के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें छात्राओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (Menstrual Health and Hygiene) के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० डॉ० सुषमा देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आत्मसम्मान से भी संबंधित है। उन्होंने छात्राओं से इस विषय पर खुलकर चर्चा करने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति संयोजक प्रो० डॉ० प्रीति वाजपेयी, कैरियर काउंसलिंग संयोजक प्रो० डॉ० मिशु सिंह, प्रो० प्रियका शर्मा, प्रो० रीता अग्निहोत्री, प्रो० सुरंगमा यादव सहित अन्य सभी विभागों की प्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान पूनम तिवारी द्वारा इस विषय पर एक PowerPoint प्रस्तुति दी गई, जिससे छात्राओं को विषय की वैज्ञानिक, सामाजिक और मानसिक दृष्टियों से गहरी समझ प्राप्त हुई। इसके बाद एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनका विस्तार से उत्तर दिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से परुल तिवारी, पुनीत, ईशा, सुमित तिवारी और पूजा तिवारी का सक्रिय योगदान रहा। छात्राओं को सैनेटरी नैपकिन के सैंपल्स भी वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी संकायों की 200 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मासिक धर्म से जुड़ी झिझक को दूर कर, उन्हें स्वच्छता, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाना था।।




Lucknow, Uttar Pradesh, भारत


Lucknow, Uttar Pradesh, भारत


Lucknow, Uttar Pradesh, भारत









प्राचार्य

... मू० पा० जा० का० राजाजीपुरम
मिशन शक्ति फेज - 5
दिनांक - 15 अक्टूबर 2025
शीर्षक : छात्राओं की समस्यायें एवं अवका।

आज दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय की र एवं प्राचार्य प्रो० सुषमा देवी के कुशल निर्देशन में राजनी विभाग के तत्वाधान में मिशन शक्ति के अन्तर्गत एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजित करायी गयी। उ प्रतियोगिता में छात्राओं ने बड़े उत्साह पूर्वक प्रतिभ की। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विषय से सम्बन्धि विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। छात्राओं ने छात्राओं की समस्याओं में कॉलेज आते-जाते समय शोहदों की छींटाकशी, छेड़खानी, मानसिक एवं शारीरिक शोषण को रूप से उत्तरदायी बताया। समस्याओं के निराकरण हेतु उन्होंने भारतीय संविधान एवं भारतीय दण्ड विधान ( की अनेक धाराओं यथा अनु० 14, 15, 19, 23-24, 39 51 तथा IPC की धारा 292-294 धारा -312-318, 372 375 को कारगार एवं उपयोगी बताया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में महिलाओं / छात्राओं की समस्याओं ( समाधान हेतु जागरूकता का प्रसारण रहा।

कार्यक्रम का समापन प्राचार्य महोदया के उद्बोधन साथ हुआ। प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में महिला की सुरक्षा, स्वालम्बन एवं स्वाभिमान हेतु प्रदेश सरकार द्वार चलाये जा रही योजनाओं एवं महत्वपूर्ण मोबाइल न० यथ 1090, 1098, 112, 1076, 1077, 108 का उल्लेख करते हु छात्राओं को इनकी महत्ता के बारे में अवगत कराया। उ महोदया द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किये गये सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाये प्रेषित किया ग परिणाम इस प्रकार है : -

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम - | पल्लवी श्रीवास्तव | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| द्वितीय - | पायल पाल | बी० ए० प्रथम " |
| तृतीय - | सीता यादव | बी० ए० तृतीय " |






कार्यक्रम संयोजक

डॉ. (स्मिता पाण्डेय)

राजनीति विज्ञान विभाग

प्राचार्य

प्रो. (सुषमा देवी)

पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला

स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

15

# पं0 दीन दयाल उपाध्याय
# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## राजाजीपुरम,लखनऊ–226017
नैक द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित ग्रेड 'बी' दिनांक 08.01.2011

पत्रांक: /2025–26 दिनांक: 16/10/2025


मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत एण्टी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारक समिति का गठन निम्न प्रकार किया जाता है–

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो0 सुषमा देवी | | – प्राचार्या / संरक्षिका |
| 2. प्रो0 प्रीती वाजप्ये | | – मिशन शक्ति अधिकारी |
| 3. डॉ0 साधना सिंह यादव | | – मिशन शक्ति अधिकारी |
| 4. डॉ0 निशी मिश्रा | | – मिशन शक्ति अधिकारी |
| 5. प्रो0 रश्मि श्रीवास्तव | | – संयोजक |
| 6. प्रो0 किरन सिंह | | – सह–संयोजक |
| 7. प्रो0 प्रियंका शर्मा | | – सदस्य |
| 8. प्रो0 मीशू सिंह | | – सदस्य |
| 9. डॉ0 विशाखा कमल | | – सदस्य |
| 10. डॉ0 ममता अम्बुजाननी | | – सदस्य |
| 11. डॉ0 प्रज्ञा ~~सिंह~~ मिश्रा | | – सदस्य |
| 12. डॉ0 नेहा जैन | | – सदस्य |
| 13. अदिती राजपूत | एम0ए0 द्वितीय वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 14. रूपा दुबे | एम0एससी0 द्वितीय वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 15. नैन्शी यादव | एम0ए0 प्रथम वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 16. भूमिका शर्मा | बी0ए0 तृतीय वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 17. रूचि श्रीवास | " | – स्वयं सेवक |
| 18. वंशिका गुप्ता | " | – स्वयं सेवक |
| 19. वैभवी तिवारी | बी0एससी0 तृतीय वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 20. दिपाली | बी0कॉम तृतीय वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 21. खुशी कुमारी | बी0ए0द्वितीय वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 22. रूपाली यादव | " | – स्वयं सेवक |
| 23. यशी द्विवेदी | बी0एससी0 द्वितीय वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 24. नित्या सोनी | बी0कॉम द्वितीय वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 25. हंसिका थापा | बी0ए0 प्रथम वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 26. रोली | " | – स्वयं सेवक |
| 27. मानसी पाल | बी0एससी0 प्रथम वर्ष | – स्वयं सेवक |
| 28. राधा गुप्ता | बी0कॉम प्रथम वर्ष | – स्वयं सेवक |

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0(किरन सिंह)<br>सह–संयोजक | प्रो0(रश्मि श्रीवास्तव)<br>संयोजक | प्रो0(सुषमा देवी)<br>प्राचार्या / संरक्षिका |

# कार्यशाला रिपोर्ट

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम में आज दिनांक 16/
10/2025 को मिशन शक्ति फेस -5 के अंतर्गत गठित "एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति"
के तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. महाविद्यालय की प्राचार्या एवं समिति की
संरक्षिका प्रोफेसर सुषमा देवी की अध्यक्षता एवं कुशल मार्गदर्शन में कार्यशाला प्रारंभ हुई. कार्यशाला
में समिति संयोजक प्रोफेसर रश्मि श्रीवास्तव ने छात्राओं को समिति के उद्देश्य कार्य विधि एवं उन्हें दिए
जाने वाले सहयोग के बारे में जानकारी दी. समिति की सदस्य डॉ0 नेहा जैन ने छात्राओं को महिला
उत्पीड़न के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की. महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रोफेसर सुषमा
देवी द्वारा छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम बनने हेतु सुझाव दिए गए साथ ही उन्होंने
छात्राओं को अपने अंदर आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उत्साहित किया. एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न
के संबंध में छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान समिति के सदस्यों एवं प्राचार्य
महोदया द्वारा किया गया. अंत में समिति की सह-संयोजक प्रोफेसर किरन सिंह ने एंटी रैगिंग एवं
महिला उत्पीड़न निवारक समिति द्वारा छात्राओं की सुरक्षा संबंधी कार्यों तथा समस्या निवारण की
प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से बताया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया.
कार्यशाला में समिति की सदस्य प्रोफेसर मीशू सिंह, डॉ विशाखा कमल, डॉ ममता अंबुजजाननी एवं
समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे. कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभाग
किया.



प्रो0(रश्मि श्रीवास्तव)

संयोजक

प्रो0(सुषमा देवी)

प्राचार्या /संरक्षिका

दिनाँक : 15/10/2025

## सूचना

मिशन शक्ति फेज -5 के अन्तर्गत महाविद्यालय में "एण्टीरैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारक समिति" का गठन किया गया है।

दिनाँक 16/10/2025 को प्रातः 11:30 बजे कक्ष सं०-01 में उक्त समिति की क्रियाविधि की विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी जायेगी।

अतः समिति के समस्त पदाधिकारी, स्वयं सेवक छात्रायें तथा महाविद्यालय की समस्त छात्रायें उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

(हस्ताक्षर)
प्रो० (रश्मि श्रीवास्तव)
संयोजक

(हस्ताक्षर)
प्रो० (सुषमा देवी)
प्राचार्य/संरक्षिका

## योग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में अखिल भारतीय स्वदेशी खेल संघ, मिशन शक्ति फेज़-5 समिति तथा एन.सी.सी. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय "योग स्वास्थ्य शिविर" का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा योग के माध्यम से आत्म-नियंत्रण, आत्म-विश्वास और स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करना था।
इस कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ श्री एस. पी. सिंह (आयुर्वैदिक चिकित्सा अधिकारी) के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में उनकी टीम के सदस्य श्री कृष्ण अवतार गुप्ता, योगाचार्य श्री विमल सक्सेना एवं अन्य योग विशेषज्ञों ने छात्राओं को विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियाँ सिखाईं। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक संतुलन और भावनात्मक दृढ़ता के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित यह योग शिविर महिलाओं को आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। उन्होंने कहा कि योग के अभ्यास से न केवल तनाव, चिंता और थकान में कमी आती है बल्कि यह छात्राओं को सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और आत्मविश्वास से भी भरता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा जैन द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को संयोजित रूप में संचालित करते हुए मिशन शक्ति के उद्देश्यों – महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं आत्मरक्षा – से योग की प्रासंगिकता को जोड़ा। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं ताकि वे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ और सशक्त बन सकें।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी संकाय सदस्य, एनसीसी कैडेट्स तथा 220 की संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। शिविर का समापन सामूहिक ध्यान और 'ओम' उच्चारण के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मकता और शांति से भर दिया।
यह आयोजन मिशन शक्ति फेज़-5 के उद्देश्यों के अनुरूप महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य और आत्मसशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरक पहल सिद्ध हुआ।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ
दिनांक:- 13/ 10/25 कार्यक्रम विवरण: छात्राओ के मानसिक एवम शारीरिक स्वास्थ्य हेतु योग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ।
प्रतिभागियों की संख्या: 220



(05)

<u>पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम</u>

<u>लखनऊ</u>

मिशन शक्ति प्रगति आख्या

| क्र०सं० | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम/नोडल अधिकारी | जनपद का नाम | कार्यक्रम/गतिविधियों का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य बिजली पासी रा० स्ना० महा० आशियाना लखनऊ | लखनऊ | मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम [पेम्पलेट वितरण एंव चर्चा] | 27/10/25 | 48 |
| 2. | " | " | मिशन शक्ति जागरूकता रैली | 29/10/25 | 98 |
| 3. | " | " | छात्राओं एंव मिशन शक्ति अधिकारियों के मध्य संवाद स्थापना गुड टच / बैड टच | 30/10/25 | 126 |
| 4. | " | " | गुड टच / बैड टच महिला अस्मिता पर आधारित संगोष्ठी | 31/10/25 | 130 |
| | | | | | |

कार्यक्रम अधिकारी

[signature] 1/11/25

प्राचार्य

[signature]

(प्रोफेसर सुषमा देवी)

# पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम,लखनऊ।

आज दिनांक 27 /10/ 2025 को मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत मिशन शक्ति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्रबुद्ध प्राचार्य प्रोफेसर सुषमा देवी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में मिशन शक्ति केपैंपलेट वितरण एवं चस्पा करवाए गए एवं छात्राओं को मिशन शक्ति से संबंधित शासन के आदेशों से संज्ञानित कराया गया। इस कार्यक्रम को सम्पन्न करवाने में मिशन शक्ति एवं एन एस एसअधिकारी डॉ किरण लता वर्मा, श्रीमती साधना सिंह एवं प्रोफेसर प्रीति वाजप्ये के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न किया गया। छात्राओं ने बहुत उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया गया। कार्यक्रम में 48 छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं उत्साह के साथ मिशन शक्ति के उद्देश्यों को समझने का प्रयास किया। मिशन शक्ति के उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।



Preeti
Sadhna
Kiran



कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# राजाजीपुरम, लखनऊ।

## मिशन शक्ति प्रगति आख्या

| क्र0 सं0 | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम | जनपद का नाम | कार्यक्रम / गतिविधियों का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | प्राचार्य, महाराजा बिजली पासी राज. स्ना. मह. आशियाना लखनऊ | लखनऊ | सेल्फ डिफेन्स (आत्मरक्षा) कार्यशाला | 07/11/25 | 103 |
| 02. | | " | स्वास्थ्य शिविर का आयोजन | 11/11/25 | 200 |
| 03. | " | " | विश्व विरासत सप्ताह के अन्तर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता | 22/11/25 | 23 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

[signature]
कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम
लखनऊ

मिशन शक्ति 5.0,पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजनाके संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम

07/11/2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुषमा देवी के संरक्षण मेंमिशन शक्ति, पंडित दीन दयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान मेंसेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि श्री मनोज वर्मा, असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर सिविल डिफेंस लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि श्री पीयूष कुशवाहा ने छात्राओं को ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों एवं आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों ने छात्राओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया तथा दैनिक जीवन में आत्मरक्षा के कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को जीवन में निरंतरता के महत्व को बताया एवं बचाव से आक्रमण ज्यादा महत्वपूर्ण है इसके बारे में छात्राओं को समझाया तथा 'अति सर्वत्र वर्जते' श्लोक के अर्थ को भी समझाया कि किसी भी चीज की अति हमारे लिए कभी भी अच्छी नहीं होती है अतः हमें अपने जीवन को अनुशासित रखने का प्रयास करना चाहिए ।आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं 186 छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं कार्यशाला से लाभ अर्जित किया

कार्यशाला में छात्राओं को ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों एवं आत्मरक्षा के व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में छात्राओं को ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों जैसे किक, ब्लॉक, पंच और सेल्फ डिफेंस मूव्स का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षकों ने छात्राओं को ताइक्वांडो की विविध तकनीकों के माध्यम से आत्म रक्षा के गुर सिखाए। कार्यशाला में आत्मरक्षा की दिशा में छात्राओं को ताइक्वांडो की विभिन्न तकनीकों और दैनिक जीवन में उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापक प्रोफेसर रीता अग्निहोत्री,प्रोफेसर शीलधर दुबे, प्रोफेसर प्रीति वाज्पये, प्रोफेसर प्रियंका शर्मा, श्रीमती किरण लता वर्मा, डॉ. निशी मिश्रा तथा श्रीमती साधना सिंह यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रीति वाज्पये तथा श्रीमती साधना सिंह यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ निशी मिश्रा द्वारा किया गया।

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram Lucknow





कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर ( सुषमा देवी)

प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
...ya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम

## लखनऊ

## मिशन शक्ति फेज–5विशेष स्वास्थ्य शिविर 11/11/2025

महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज–05 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (**NSS**), एन.सी.सी. एवं रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के अटल सभागार में संपन्न हुआ।

यह आयोजन युवा कार्यक्रम विभाग एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या 32-55/र से यो/ क्षेनी या लखनऊ 2025-26/7047-71 21 के अनुपालन में टीवी मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य की पूर्ति हेतु किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य टीवी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों को मानसिक सहारा प्रदान करना एवं उनके उपचार के पालन को सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम का संचालन डॉ साधना सिंह यादव ने किया एवं महाविद्यालय की संरक्षिका डॉ. सुषमा देवी के कुशल नेतृत्व में हुआ। यह आयोजन मेदांता फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, लखनऊ के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कुमार सिंघल (जिला क्षय रोग अधिकारी, सीएमओ ऑफिस, लखनऊ), पी.पी..एम. स्वमित्र मिश्र, एस.टी.एस. अभय चंद्र मित्र, तथा राजीव सिंह ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया, जिसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं संरक्षिका का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात इस अवसर पर रामजी वर्मा ने अपने वक्तव्य में टीवी के लक्षण, जैसे – लगातार दो हफ्ते से खांसी रहना, बुखार, वजन घटना आदि पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने टीवी के प्रकार – पलमोनरी एवं एक्स्ट्रा पलमोनरी – का विवरण देते हुए भारत सरकार द्वारा "टीवीमुक्तभारत"बनानेकेप्रयासोंपरभीप्रकाशडाला।मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कुमार सिंघल ने छात्राओं को रोग की पहचान, समय पर उपचार तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य महोदया डॉ. सुषमा देवी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, स्वच्छ जीवनशैली अपनाने तथा संतुलित आहार के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "स्वस्थशरीरमेंहीस्वस्थमस्तिष्कऔरस्वस्थराष्ट्रकानिर्माणसंभवहै।"कार्यक्रम में 200 छात्राओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी अनेक गतिविधियों में हिस्सा लेकर स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ निशी मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

यह आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा छात्राओं एवं उपस्थित जनों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

Sadhna Nishi Mishra




कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी

प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
...kiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पंडितदीनदयालउपाध्यायराजकीयमहिलास्नातकोत्तरमहाविद्यालयराजाजीपुरमलखनऊ

## मिशनशक्ति 5.0,

## पंडितदीनदयालउपाध्यायअवधसांस्कृतिकक्लबएवंराष्ट्रीयसेवायोजनाकेसंयुक्ततत्वावधानमें

**22/11/2025**

आज दिनांक 22 नवंबर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ में प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश कुमार जी के संरक्षण संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व विरासत सप्ताह (19 नवंबर से 25 नवंबर) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में निबंध लेखन का आयोजन महाविद्यालय में किया गया यह आयोजन श्रीमती साधना सिंह यादव एवं डॉ निशी मिश्रा के कुशल दिशा निर्देशन के अंतर्गत किया गया, जिसमें महाविद्यालय की कुल 23 छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं विषय "लखनऊ की विरासत" में अपने अनमोल विचारों को प्रकट किया।



कार्यक्रम अधिकारी

AK 22/11/25

प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

(07)

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

मिशन शक्ति प्रगति आख्या

| क्र०सं० | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम | जनपद का नाम | कार्यक्रम/गतिविधिया का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य महाराजा बिजलीपासी राज० महा० बिजलीपासी | लखनऊ | राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस का आयोजन | 10/11/25 | 120 |
| 02 | " | " | विशेष स्वास्थ्य शिविर | 11/11/25 | 200 |
| 03 | " | " | 'महिला स्वावलंबन योजनाए' विषय पर व्याख्यान | 13/11/25 | 76 |
| 04 | " | " | "उत्तरप्रदेश भाग्य लक्ष्मी योजना" विषयपर चलचित्र प्रदर्शनी | 14/11/25 | 168 |
| | | | | | |

कार्यक्रम अधिकारी
Niyshra Sadhana

प्राचार्य
[signature] 17/11/25
for Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Government Girls P.G. College
Rajajipuram, Lucknow

# पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

दिनांक 10 नवम्बर 2025- 'राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस' का आयोजन

आज दिनांक 10 नवम्बर 2025 को पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय,
राजाजीपुरम, लखनऊ में मिशन शक्ति एवं Institution's Innovation Council (IIC) के संयुक्त तत्वावधान में
"राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस" का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ
महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन
श्रीमती साधना यादव द्वारा किया गया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विशाल वर्मा, विभागाध्यक्ष,
वाणिज्य संकाय तथा डॉ. निशि मिश्रा ने उद्यमिता के विविध पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

डॉ. विशाल वर्मा ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि उद्यमिता केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है –
यह सोच है जो हमें "रोज़गार पाने वाले" से "रोज़गार देने वाला" बनने की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने कहा
कि यदि युवा वर्ग अपने विचारों को क्रियान्वित करने का साहस दिखाए, तो भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी
के क्षेत्र में विश्व अग्रणी बनने से कोई नहीं रोक सकता। डॉ. निशि मिश्रा ने कहा कि नवाचार (Innovation) और
साहस (Courage) उद्यमिता की दो मुख्य आधारशिलाएँ हैं। प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर एक उद्यमी छिपा होता है
– बस आवश्यकता है उसे पहचानने, पोषित करने और अवसर प्रदान करने की।

प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज के युग में सफलता का मार्ग स्वयं
तैयार करना ही सच्ची उद्यमिता है। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी का
संगम ही "आत्मनिर्भर भारत" का वास्तविक स्वरूप है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे पारंपरिक सोच
से परे जाकर समाज में परिवर्तन और नवाचार की अग्रदूत बनें। कार्यक्रम में प्रो. शीलधर दुबे, प्रो. प्रियंका शर्मा,
डॉ. स्मिता पांडे, डॉ. किरण, डॉ. सुरंगमा यादव, डॉ. किरण लता वर्मा सहित अन्य प्राध्यापकगण की गरिमामयी
उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लगभग 120 छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की और उद्यमिता से संबंधित विषयों
पर अपने विचार साझा किए।

अंत में यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक छात्रा अपने विचारों और सृजनशीलता के बल पर समाज में परिवर्तन की प्रेरणा बन सकती है। इस कार्यक्रम ने छात्राओं में आत्मनिर्भरता, नवाचार तथा नेतृत्व की भावना को प्रज्वलित किया।

Sadhna
Nishi Mishra







प्राचार्या

कार्यक्रम अधिकारी

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम

## लखनऊ

## मिशन शक्ति फेज-5विशेष स्वास्थ्य शिविर 11/11/2025

महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज-05 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (**NSS)**, एन.सी.सी. एवं रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के अटल सभागार में संपन्न हुआ।

यह आयोजन युवा कार्यक्रम विभाग एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या 32-55/रा से यो/ क्षेनी या लखनऊ 2025-26/7047-71 21 के अनुपालन में टीबी मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य की पूर्ति हेतु किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों को मानसिक सहारा प्रदान करना एवं उनके उपचार के पालन को सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम का संचालन डॉ साधना सिंह यादव ने किया एवं महाविद्यालय की संरक्षिका डॉ. सुषमा देवी के कुशल नेतृत्व में हुआ। यह आयोजन मेदांता फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, लखनऊ के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कुमार सिंघल (जिला क्षय रोग अधिकारी, सीएमओ ऑफिस, लखनऊ), पी.पी.एम. स्वमित्र मिश्र, एस.टी.एस. अभय चंद्र मित्र, तथा राजीव सिंह ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया, जिसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं संरक्षिका का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात इस अवसर पर रामजी वर्मा ने अपने वक्तव्य में टीबी के लक्षण, जैसे – लगातार दो हफ्ते से खांसी रहना, बुखार, वजन घटना आदि पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने टीबी के प्रकार – पलमोनरी एवं एक्स्ट्रा पलमोनरी – का विवरण देते हुए भारत सरकार द्वारा "टीबीमुक्तभारत"बनानेकेप्रयासोंपरभीप्रकाशडाला।मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कुमार सिंघल ने छात्राओं को रोग की पहचान, समय पर उपचार तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य महोदया डॉ. सुषमा देवी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, स्वच्छ जीवनशैली अपनाने तथा संतुलित आहार के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "स्वस्थशरीरमेंहीस्वस्थमस्तिष्कऔरस्वस्थराष्ट्रकानिर्माणसंभवहै।"कार्यक्रम में 200 छात्राओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी अनेक गतिविधियों में हिस्सा लेकर स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ निशी मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

यह आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा छात्राओं एवं उपस्थित जनों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

Sadhna
Nishi




कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी

प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Maha... alay
Rajajipuram, Luckn...

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

### मिशन शक्ति के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन13/11/2025

दिनांक 13 नवंबर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीयमहिला महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ में मिशन शक्ति कार्यक्रम की शृंखला में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुषमा देवी की कुशल दिशा निर्देशन में 'महिला स्वावलंबन योजनाएं' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया मुख्य वक्ता डॉ निशी मिश्रा ने छात्राओं को महिलाओं के स्वावलंबन हेतु उत्तर प्रदेशसरकार द्वारा चलाई जाने वाली अनेक योजनाओं से अवगत कराया तथा उनके उद्देश्य एवं लाभ भी बताएं। व्याख्यान में उन्होंने निम्न योजनाओं के बारे में छात्रों को बताया

**मिशन शक्ति योजना**

- उद्देश्य:महिलाओं कीसुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबनसुनिश्चित करना।
- मुख्य घटक:
  - सुरक्षा: महिला हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पडेस्क, थाने में सहायता।
  - सम्मान: जागरूकता कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान।
  - स्वावलंबन: कौशल विकास, रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ाव।

**मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना**

- उद्देश्य:महिलाओं को व्यवसाय/स्वरोजगार शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता देना।
- लाभ:
  - बैंक से लोन पर ब्याज में छूट।
  - स्टार्टअप शुरू करने के लिए पूंजी सहायता।
- पात्रता: 18–50 वर्ष की महिलाएँ, जो स्वरोजगार शुरू करना चाहती हैं।

**महिला सामर्थ्य योजना (Mahila Samarthya Yojana)**

- उद्देश्य:महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और छोटे-छोटे उद्योगों से जोड़ना।
- लाभ:
  - स्वयं सहायता समूह (SHG) बनाकर प्रशिक्षण व वित्तीय सहायता।
  - स्थानीय उत्पादों (जैसे डेयरी, हस्तशिल्प, अचार-पापड़ आदि) के लिए इकाई लगाने में मदद।
- लाभार्थी:ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाएँ।

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) — महिला स्वयं सहायता समूह**

- उद्देश्य:महिलाओं को समूह बनाकरसामूहिक बचत व स्वरोजगारकी दिशा में बढ़ाना।

- लाभ:
    - सस्ती ब्याज दरों पर लोन।
    - प्रशिक्षण व विपणन सहायता।
- लाभार्थी:ग्रामीण गरीब महिलाएँ।


**स्टैंड-अप इंडिया योजना**

- उद्देश्य:महिला व अनुसूचित जाति/जनजाति उद्यमियों को प्रोत्साहित करना।
- लाभ: ₹10 लाख से ₹1 करोड़ तक का बैंक ऋण।
- लाभार्थी:जो नया व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं।

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)**

- उद्देश्य:युवतियों व महिलाओं कोकौशल प्रशिक्षणदेकर रोजगार योग्य बनाना।
- लाभ:निःशुल्क प्रशिक्षण + प्रमाणपत्र + नौकरी/स्वरोजगार की सुविधा।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुषमा देवी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहां की यह सभी योजनाएं आज के युवा पीढ़ी के लिए मील का पत्थर है यदि हमें सही जानकारी होगी तभी हम स्वयं का तथा देश का विकास कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की 76छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा व्याख्यान से लाभ प्राप्त किया



कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी
प्राचार्य


Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

## ...त दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

### मिशन शक्ति 5.0एवं राष्ट्रीय सेवा योजनाके संयुक्त तत्वावधान में

### 14/11/2025

...नांक **14** नवंबर **2025** को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ में महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया प्रोफेसर सुषमा देवी जी के दिशानिर्देशन में मिशन शक्ति फेस **5** तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती किरण लता वर्मा, श्रीमती साधना सिंह एवं डॉ निशी मिश्रा के नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर एक चलचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं को उत्तर प्रदेश भाग्यलक्ष्मी योजना विषय के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया प्रोफेसर सुषमा देवी ने अपने उद्बोधन मे छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की,सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी प्रदान की साथ ही योजनाओं से कैसे लाभ लिया जा सकता है इसके बारे में बताया तथा योजनाओं का दुरुपयोग न करने की भी सलाह दी । इस आयोजन में महाविद्यालय की **168** छात्राओं ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ निशी मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश भाग्यलक्ष्मी योजना के विषय में भी छात्राओं को जानकारी प्रदान की एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती किरण लता वर्मा द्वारा किया गया।




Sadhu Nishi Mishra

कार्यक्रम अधिकारी

प्रोफेसर सुषमा देवी

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

पं० दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राजाजीपुरम, लखनऊ।

## मिशन शक्ति प्रगति आख्या

| क्र0 सं0 | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम | जनपद का नाम | कार्यक्रम / गतिविधियों का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य महाराजा बिजलीपासी रा० महा० | लखनऊ | "मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान" (व्याख्यान) | 17/11/25 | 186 |
| 2. | " | " | "महिला उद्यमियों की सफलता की कहानी" (वक्तव्य) | 18/11/25 | 178 |
| 3. | " | " | एक कदम उद्यमिता की ओर (स्टाल आयोजन) | 19/11/25 | 186 |
| 4. | " | " | मिशन शक्ति समिति द्वारा (कु० ज्योति प्रसाद वार्ड गार्ड) | 20/11/25 | 228 |
| 5. | " | " | विश्व विरासत सप्ताह (निबन्ध लेखन) | 22/11/25 | 23 |
| | | | | | |

Niushiya
कार्यक्रम अधिकारी

Alc 24/11/25
प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidyalay
Rajajipuram, Lucknow


# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# राजाजीपुरम लखनऊ

## मिशन शक्ति 5.0एवं राष्ट्रीय सेवा योजनाके संयुक्त तत्वावधान में

## 17/11/2025

दिनांक 17 नवंबर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम लखनऊ में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर अखिलेश कुमार जी के दिशानिर्देशन में मिशन शक्ति फेस 5 तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती किरण लता वर्मा, श्रीमती साधना सिंह एवं डॉ निशी मिश्रा के नेतृत्व में महिला स्वावलंबन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान विषय के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर अखिलेश कुमार ने अपने उद्बोधन ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की । व्याख्यान में इतिहास विभाग की प्रोफेसर प्रियंका शर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को योजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि यह योजना युवा उद्यमियों के लिए है। योजना में 5 लाख तक का ब्याज-मुक्त कर्ज (interest-free loan) प्रदान किया जाता है, आवेदक की उम्र 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए और वह उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने 1,000 करोड़ रुपये का बजट रखा है, युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करना और नए माइक्रो-उद्योग स्थापित करना ।

इस आयोजन में महाविद्यालय की 186 छात्राओं ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ निशी मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के विषय में भी छात्राओं को जानकारी प्रदान की एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती साधना सिंह द्वारा किया गया।



कार्यक्रम अधिकारी

17/11/25
प्रोफेसरअखिलेश कुमार

प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Government Girls P.G. College
Rajajipuram, Lucknow

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

## मिशन शक्ति 5.0 एवं राष्ट्रीय सेवा योजनाके संयुक्त तत्वावधान में

## 18/11/2025

दिनांक 18 नवंबर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम लखनऊ में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर अखिलेश कुमार जी के दिशानिर्देशन में मिशन शक्ति फेस 5 तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती किरण लता वर्मा, श्रीमती साधना सिंह एवं डॉ निशी मिश्रा के नेतृत्व में 'महिला उद्यमियों की सफलता' की कहानी विषय के अंतर्गत महाविद्यालय की श्रीमती साधना सिंह यादव द्वारा अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने Nykaa संस्थापक फाल्गुनी नायर के संबंध में छात्राओं को अवगत कराया । नायका की संस्थापक फाल्गुनी नायर हैं। वह एक भारतीय व्यवसायी और उद्यमी हैं, जिन्होंने 2012 में इस ब्यूटी और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी की स्थापना की थी। उन्होंने भारत में सौंदर्य और स्वास्थ्य उत्पादों के लिए एक वन-स्टॉप ऑनलाइन गंतव्य बनाने के लक्ष्य के साथ इसकी शुरुआत की थी, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध हो सके। श्रीमती साधना सिंह ने अपने वक्तव्य द्वारा छात्राओं को उद्यमशीलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय प्रोफेसर अखिलेश कुमार द्वारा भी आशीर्वचन के रूप में छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें महिलाओं के उधमशीलता की ओर बढ़ते कदम के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ निशी मिश्रा द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ विशाल द्वारा किया गया कार्यक्रम में 178 छात्राएं उपस्थित रही।




Nishi

कार्यक्रम अधिकारी

18/11/2025

प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम
लखनऊ

मिशनशक्ति 5.0, इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय
अवध सांस्कृतिक क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में

महिला उद्यमिता की ओरबढ़ते कदम 19/11/2025

महाविद्यालय में मिशन शक्ति, इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल, राष्ट्रीय सेवा योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 19 नवंबर 2025 को महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाकर 'एक कदम उद्यमिता की ओर' बढ़ने का प्रयास किया गया। छात्राओं द्वारा ई-बिजनेस मॉडल, कैंडल मेकिंग बिजनेस मॉडल के रूप में अपनी योजनाओं को बताया, इसके अतिरिक्त छात्राओं ने पानी पुरी टिक्की, भेलपुरी, मोमोज, समोसा, सैंडविच, मैक्रोनी, ढोकला, रसमलाई, पोहा इत्यादि के स्टॉल लगाए। छात्राओं द्वारा कॉस्मेटिक एवं कपड़ों का स्टॉल भी लगाया गया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर अखिलेश कुमार के संरक्षण एवं श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती कारण लता वर्मा एवं डॉ निशी मिश्रा के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन में कुल 186 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




Nishi Mishra

कार्यक्रम अधिकारी

AK 19/11/2

प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snatkottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम
## लखनऊ

## मिशनशक्ति 5.0 20/11/2025

आज दिनांक 20 नवंबर 2025 कोपंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि श्रीवास्तव जी के दिशा निर्देशन में मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत, कार्यालय उच्च शिक्षा अधिकारी के पत्र संख्या 3992-95 / 2025-26 दिनांक 25. 9. 2025 के द्वारा मिशन शक्ति विशेष अभियान में महाविद्यालय की मिशन शक्ति समिति के द्वारा कुंवर ज्योति प्रसाद मौर्य वार्ड गोद लिया गया। जिसमें वार्ड की पार्षद श्रीमती गौरी सांवरिया जी की गरिमामय उपस्थिति रही तथा उन्होंने छात्राओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता अभियान हेतु अपने आशीर्वचन प्रदान किया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड में जागरूकता रैली भी निकाली गई। जागरूकतारैली कार्यक्रम में श्रीमती साधना सिंह यादव, डॉ निशी मिश्रा, श्रीमती कारण लता वर्मा, डॉ पूनम ने अपना सहयोग प्रदान किया। रैली में महाविद्यालय की 228 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक स्लोगन के माध्यम से जागरूकता हेतु प्रयास किया।




कार्यक्रम अधिकारी

for Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow


## पंडितदीनदयालउपाध्यायराजकीयमहिलास्नातकोत्तरमहाविद्यालयराजा जीपुरमलखनऊ

## मिशनशक्ति 5.0,

## पंडितदीनदयालउपाध्यायअवधसांस्कृतिकक्लबएवंराष्ट्रीयसेवायोजनाकेसंयुक्ततत्वावधानमें

## 22/11/2025

आज दिनांक 22 नवंबर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ में प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश कुमार जी के संरक्षण संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व विरासत सप्ताह (19 नवंबर से 25 नवंबर) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में निबंध लेखन का आयोजन महाविद्यालय में किया गया यह आयोजन श्रीमती साधना सिंह यादव एवं डॉ निशी मिश्रा के कुशल दिशा निर्देशन के अंतर्गत किया गया, जिसमें महाविद्यालय की कुल 23 छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं विषय "लखनऊ की विरासत" में अपने अनमोल विचारों को प्रकट किया।




कार्यक्रम अधिकारी

22/11/25

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम, लखनऊ।

## मिशन शक्ति प्रगति आख्या

| क्र0 सं0 | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम | जनपद का नाम | कार्यक्रम / गतिविधियों का विवरण | दिनांक | कुल छात्राओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | नोडल अधिकारी प्राचार्य महाराजा बिजली पासी राज. स्ना. महा. आशियाना लखनऊ | लखनऊ | HIV एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम (कार्यशाला) | 01/12/25 | 86 |
| | | | | | |
| 02. | " | " | जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर संगोष्ठी | 02/12/25 | 72 |
| 03. | " | " | वन्यजीव संरक्षण दिवस ~~कार्यक्रम~~ व्याख्यान | 04/12/25 | 110 |
| 04. | " | " | नशामुक्त भारत अभियान पर व्याख्यान | 05/12/25 | 176 |
| | | | | | |

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य

[signature]

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

विश्व एड्स दिवस पर विशेष कार्यक्रम


दिनांक: 01 दिसंबर 2025

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में साइंस क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश कुमार ने विश्व एड्स दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के युग में एड्स के प्रति जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने छात्राओं को समाज में जागरूकता फैलाने और इस विषय पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरण लता वर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि एड्स केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सहयोग का विषय है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मिशन शक्ति की प्रभारी प्रोफेसर प्रीति वाजप्पे ने महिलाओं में जागरूकता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सही जानकारी ही महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बना सकती है।

इसी क्रम में साइंस क्लब के पदाधिकारी—डॉ. मीशू सिंह, डॉ. रमेश बाबू एवं डॉ. प्रज्ञा मिश्रा—ने एड्स के वैज्ञानिक पहलुओं, संक्रमण के तरीकों एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की अध्यापिकाएँ डॉ. पूनम पांडे एवं डॉ. मोनिका द्विवेदी ने भी कार्यक्रम की सफलता हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 86 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता को बढ़ावा देते हुए समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना था। छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर्स में एड्स से जुड़े तथ्य, बचाव के उपाय, सामाजिक सहयोग तथा संवेदनशीलता जैसे संदेश अत्यंत प्रभावशाली रूप में प्रदर्शित किए गए। पोस्टर प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही और सभी उपस्थितों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का माहौल पूर्णतः जागरूकता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व से परिपूर्ण रहा।इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे इस ज्ञान को समाज में भी साझा करें, जिससे एड्स से संबंधित मिथकों को दूर किया जा सके और अधिक से अधिक लोग सुरक्षित तथा जागरूक बन सकें।

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow


अंत में प्राचार्य महोदय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक होते हैं बल्कि सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी साबित होते हैं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने संकल्प लिया कि वे एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँगे।













Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
...kiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow
















कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhya
Rajajipuram, Lucknow

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

### वन्य जीव संरक्षण दिवस

### दिनांक 4 दिसंबर 2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में दिनांक 4 दिसंबर 2025 को वन्य जीव संरक्षण दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना, विज्ञान-क्लब एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश कुमार ने की । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती किरण लता वर्मा ने वन्य जीव संरक्षण पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व, जैव विविधता की सुरक्षा तथा विलुप्तप्राय प्रजातियों को बचाने में जनसहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वन्य जीव केवल प्रकृति का अभिन्न अंग ही नहीं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, इसलिए इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कुल 110 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की। अंत में सभी ने वन्य जीव संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्राओं में प्रकृति एवं वन्य जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशी मिश्रा ने किया ।




कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

रिपोर्ट

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

### संस्थान नवाचार परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति
### के संयुक्त तत्वावधान में

# राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण दिवस

### दिनांकः 2 दिसंबर 2025

आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण दिवस का आयोजन आई आई सी, एन एस एस एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. अमितेंद्र सिंह द्वारा तैयार की गई, जिसके आधार पर आयोजन को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संचालित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका द्विवेदी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण दिवस के महत्व और वैश्विक चुनौतियां पर प्रकाश डाला । डॉ. प्रियंका शर्मा ने अपने उद्बोधन में जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं तथा जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न सामाजिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् डॉ. निशी मिश्रा ने माल्थस की जनसंख्या सिद्धांत के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि, उसके प्रभावों एवं नियंत्रित जनसंख्या के महत्व को सरल व स्पष्ट रूप से समझाया।

इस कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. रीता अग्निहोत्री , डॉ सुरंगमा यादव, डॉ. शीलधर दुबे, डॉ किरण लता वर्मा डॉ साधना सिंह यादव, डॉ निशी मिश्रा, डॉ पूनम पाण्डेय, श्रीमती ममता अंबुजानन्नी, डॉ स्मिता पांडे तथा अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति एवं सहभागिता ने कार्यक्रम के शैक्षिक और जागरूकता उद्देश्यों को और अधिक सशक्त बनाया। साथ ही छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. मोनिका द्विवेदी ने प्राचार्य महोदय, सभी प्राध्यापक–प्राध्यापिकाओं तथा छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस प्रकार यह जागरूकता कार्यक्रम ज्ञान, सहभागिता और सकारात्मक संदेश के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।








प्रा. प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

Moni







प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhya
Rajkiya Mahila Snakottar Maha
Rajajipuram, Lucknow

Monidz

...दीनद...                                                                                  ...महाविद्यालय

राजाजीपुरम, लखनऊ

राष्ट्रीय सेवा एवं योजना मिशनशक्ति 5.0 के संयुक्त तत्वावधान में

5 दिसंबर 2025

आज दिनांक 5 दिसंबर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम, लखनऊ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशनशक्ति के संयुक्त तत्वावधान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ निशी मिश्रा ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में चर्चा की तथा छात्राओं में जागरूकता हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि नशा हमारे समाज के लिए एक गंभीर समस्या है जिस का प्रभाव किसी एक व्यक्ति के संपूर्ण परिवार के साथ-साथ समाज के हर स्तर पर पड़ता है और इसे जड़ से खत्म करके ही हम एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। इस आयोजन में महाविद्यालय की श्रीमती साधना सिंह यादव, डॉ पूनम पांडेयए डॉ मोनिका द्विवेदी तथा अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे तथा कुल 176 छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा समाज में नशा छोड़ो अभियान के अंतर्गत समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रेरणा तथा सद्भावना इकाई तथा मिशन शक्ति समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती किरण लता वर्मा के द्वारा किया गया।



कार्यक्रम अधिकारी

Niuhsa

Akr

प्राचार्य

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Government Girls P.G. College
Rajajipuram, Lucknow